## महत्वपूर्ण एवं खास

### लैलूंगा में किशोर बालक से चोरी की तीन मोटरसाइकिलें जब्त

**रायगढ़।** दिनांक 30.06.2022 के दोपहर थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम को मुखबिर से सूचना मिला कि एक लड़का चोरी की मोटरसाइकिल घर में छिपाकर रखा है। सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा थाने के स्टॉफ को संदेही के घर तस्दीक करने निर्देशित किये थे। एटीएम बैंक चेकिंग के दौरान लैलूंगा के पेट्रोलिंग स्टाफ को संदेही बालक को घूमते देखें जिससे मोटरसाइकिल, मोबाइल आदि चोरी की शंका जताकर पूछताछ किए संदेही बालक पहले इंकार कर रहा था बाद में उसने मोटरसाइकिल चोरी कर घर में छिपाकर रखना बताया आरोपी के मेमोरेंडम पर 3 नग मोटरसाइकिल कीमती करीब 60,000 रुपए का बरामद कर जप्त संपत्ति के मालिक का पता तलाश किया जा रहा है। चोरी की संपत्ति के युक्तियुक्त साक्ष्य पर अपचारी विधि के संघर्षरत बालक पर 41(1+4)CrPC/379 IPC की कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### संकुल डोंगीतराई अंतर्गत शाला सुरक्षा प्रशिक्षण प्रथम चरण संपन्न

**रायगढ़।** संकुल केन्द्र डोंगीतराई विकास खण्ड रायगढ़ अंतर्गत कक्षा 1 से 12 तक पढ़ाने वाले सभी टीचर्स का मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा एवं व्यक्तिगत सुरक्षा पर दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण के पहले चरण का संकुल स्तरीय प्रशिक्षण का समापन 25 जून को हुआ। प्राचार्य आर.एन.सिंह के मार्गदर्शन में संकुल डोंगीतराई के आधे शिक्षकों का पहला बेच के प्रशिक्षण का आयोजन शा.उ.मा.वि.डोंगीतराई में दो दिवसीय आयोजित की गई। उक्त प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर वीरेन्द्र कुमार चौहान (सीएसी)एवं जानकी पैंकरा सहा.शिक्षक थे। प्रशिक्षण में सुरक्षा से संबंधित जानकारी साझा करने के लिए थाना प्रभारी भूपदेवपुर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र डूमरपाली के चिकित्सा अधिकारी एवं बिजली विभाग, रायगढ़ से जूनियर इंजीनियर प्रदीप नायक को आमंत्रित किया गया था। यह प्रशिक्षण आने वाले समय में हमारे प्रदेश की जलवायु आपदाओं के लिए संवेदनशील होने के कारण सुरक्षा के लिए प्रबंधन की जानकारी एवं आपदाओं के लिए जोखिमों के क्षेत्रों की पहचान कर उनसे बचने के तरीकों पर पर्याप्त तैयारी करने से आपदाओं से होने वाली क्षति को न्यूनतम बनाने की दिशा में शासन की एक बेहतरीन और अभिनय पहल है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से आगामी समय में हमारे विद्यालय सुरक्षा की दृष्टि से आदर्श विद्यालय बनेंगे। सोमवार से संकुल केन्द्र डोंगीतराई में द्वितीय चरण का प्रशिक्षण आयोजित होगा।

### सर्पदंश से हुई मासूम बालिका की मौत

**सुकमा (आरएनएस)।** जिले के दरभा ब्लाक मुख्यालय के ग्राम पंचायत तोयनार सरपंच पारा मे सर्पदंश से एक वर्षीय बालिका की मौत हो गई है। मिली जानकारी के मुताबिक दरभा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत तोयनार सरपंच पारा मे बिती रात 12 बजे के घर मे सो रही एक वर्षीय बालिका ललिता पिता जगरा को सांप ने डंस लिया। परिजनो द्वारा पुलिस चौकी पखनार में सर्पदंश की रिपोर्ट दर्ज कर पोस्टमार्टम हेतू स्वास्थ्य केंद्र दरभा लाया गया पोस्टमार्टम पश्चात मृत बालिका की शव को अंतिम संस्कार हेतु परिजनो को सुपुर्द किया गया।

### नक्सलियों के मलांगीर एरिया कमेटी के 5 लाख का इनामी नक्सली ढेर

**सुकमा (आरएनएस)।** जिले के थाना गादीरास अंर्तगत मनकापाल के बोरापारा जंगल में 01 जुलाई को लगभग सुबह 10 बजे नक्सलियों की डीआरजी जवानों के साथ हुई मुठभेड़ में नक्सलियों के दरभा डिविजन अंर्तगत मलांगीर एरिया कमेटी के सक्रिय सदस्य एक पुरुष नक्सली 05 लाख का इनामी कमलेश का शव के साथ हथियार व सामग्री भी बरामद हुआ है। बस्तर आईजी सुदरराज पी. ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि मारे गये नक्सली की प्रारंभिक तौर पर पहचान नक्सलियों के दरभा डिविजन अंर्तगत मलांगीर एरिया कमेटी के सक्रिय सदस्य 05 लाख का इनामी कमलेश के रूप में हुई है। डीआरजी के सभी जवान सुरक्षित हैं, सर्च अभियान अभी भी जारी है।

# शासकीय योजनाओं का लोगों को मिले अधिकतम लाभ यह हमारी पहली प्राथमिकता : कलेक्टर रानू साहू

### कलेक्टर रानू साहू ने किया कार्यभार ग्रहण

**रायगढ़।** जिले के नवपदस्थ कलेक्टर रानू साहू ने 1 जुलाई को पूर्वान्ह में कार्यभार ग्रहण कर लिया। निवृत्तमान कलेक्टर भीम सिंह ने कलेक्टर रानू साहू को जिला-कलेक्टर रायगढ़ का चार्ज सौंपा। वर्ष 2010 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी साहू इसके पूर्व कोरबा कलेक्टर के पद पर कार्यरत थी। इसके साथ ही उन्होंने कलेक्टर कांकेर एवं बालोद जिलों में कलेक्टर का पद संभाल चुकी हैं।

पदभार ग्रहण करने के पश्चात कलेक्टर रानू साहू ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। कलेक्टर साहू ने कहा कि जिले में जमीनी स्तर पर लोगों को योजनाओं को लाभ मिले यह हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिए हम सभी को एक टीम की तरह कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि जिले में 'सरकार तुंहर द्वार' कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। जिसका उद्देश्य प्रशासन का लोगों के करीब पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान करना है। इस कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर में स्वास्थ्य जांच के साथ शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी व उससे लोगों को स्थानीय स्तर तक लाभान्वित करने का कार्य किया जाएगा। यहां राजस्व व पेंशन से जुड़े प्रकरणों का भी निपटारा किया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर साहू ने बच्चों की शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि स्कूलों में बेहतर परिणामों के लिए बच्चों से नियमित रूप से आंसर राईटिंग की प्रेक्टिस करायें। बीमा योजनाओं के समय-सीमा में क्लेम भुगतान के लिए उन्होंने निर्देशित किया। कलेक्टर जनचौपाल में प्राप्त होने वाले आवेदनों का सभी विभागों द्वारा समय-सीमा में उचित निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर साहू ने कहा कि हमें पूरी संवेदनशीलता के साथ लोगों की समस्याओं का निराकरण करना है।



इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, इस दौरान एसडीएम सारंगढ़ राजीव पाण्डेय, एसडीएम घरघोड़ा डिगेश पटेल, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा, एसडीएम खरसिया अभिषेक गुप्ता, एसडीएम लैलूंगा रात्रे, ज्वाईंट कलेक्टर दुष्यंत रायस्त, ज्वाईंट कलेक्टर सुश्री अभिलाषा पैकरा, ज्वाईंट कलेक्टर डॉ.स्निधा तिवारी, डिप्टी कलेक्टर पी.के. गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर रोहित सिंह, डिप्टी कलेक्टर शिव कंवर, सीएमएचओ डॉ.एस. एन.केशरी, महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम अधिकारी टी.के.जाटवर, ईई पीएचई परीक्षित चौधरी, उप संचालक माईनिंग चंद्राकर सहित जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर रानू साहू ने फसल बीमा प्रचार-प्रसार रथ को दिखाई हरी झण्डी

### फसल बीमा के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 15 जुलाई

**रायगढ़।** कलेक्टर रानू साहू आज रायगढ़ जिले में कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात फसल बीमा का लाभ किसानों को पहुंचाने प्रचार-प्रसार रथ को कलेक्टोरेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के किसानों को फसल बीमा का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए न केवल जागरूक करेगी बल्कि फसल बीमा करवाने की प्रक्रिया भी समझायेगी। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ अबिनाश मिश्रा उपस्थित रहे।

आजादी की 75 वीं वर्षगांठ पर भारत का अमृत महोत्सव अभियान के तहत फसल बीमा सप्ताह 01 से 07 जुलाई तक मनाया जा रहा है। इस दौरान यह रथ के द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं उद्यानिकी फसल हेतु मौसम आधारित



फसल बीमा योजना खरीफ वर्ष 2022 अंतर्गत कृषकों के मध्य जागरूकता लाने हेतु प्रचार-प्रसार किया जायेगा। इस योजना के अंतर्गत कृषकों का पंजीयन प्रारंभ हो गया है। जिले में वर्ष खरीफ 2022 में धान सिंचित, धान असिचिंत, उड़द एवं मूंग फसल अधिसूचित हैं। प्रीमियम राशि धान सिंचित का 880 रुपये प्रति हेक्टेयर, धान असिचिंत का 680 रुपये प्रति हेक्टेयर एवं उड़द फसल का 432 रुपये एवं मूंग फसल का 456 रूपये प्रति हेक्टेयर है, जिसका बीमा राशि क्रमशः 44000, 34000, 21600 एवं 22800 रुपये प्रति हेक्टेयर है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत पिछले वर्ष खरीफ 2021 रायगढ़ जिले में 41 हजार 146 किसानों का फसल बीमा किया गया था जिसमे से 22 हजार 492 आवेदकों को फसल की क्षतिपूर्ति राशि 8 करोड़ 31 लाख 32 हजार 950 रूपये का भुगतान उनके खाते में एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी द्वारा कराया गया है। फसल बीमा के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 15 जुलाई निर्धारित है। फसल बीमा योजना के इस रथ रवानगी के अवसर पर एसडीएम खरसिया अभिषेक गुप्ता, उपसंचालक कृषि, सहायक संचालक उद्यान, जिला प्रतिनिधि, एग्रीकल्चर, इंश्योरेंस कंपनी सहित जिला के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## मामूली बात पर तलवार लेकर बड़े भाई को मारने दौड़ा छोटा भाई, आरोपी आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार

### नशाखोरी व मारपीट की शिकायत पर 6 व्यक्तियों पर की गई कार्यवाई

**रायगढ़।** इंदिरानगर का रहने वाला रमीज अहमद पिता शब्बीर अहमद उम्र 35 वर्ष थाना कोतवाली आकर उसके भाई समीर अहमद (30 साल) द्वारा घरेलू झगड़ा विवाद पर तलवार निकालकर गाली गलौच मारपीट करना बताया। रिपोर्टकर्ता बताया कि समीर की छोटी बच्ची घर में पेशाब कर दी थी जिस पर समीर उसकी पत्नी और मां को गाली गलौच कर रहा था, जिसे समझाने, मना करने पर मारपीट पर उतारू हो गया। तत्काल कोतवाली से पुलिस बल इंदिरानगर रिपोर्टकर्ता के घर गये। आरोपी को एक तलवार के साथ हिरासत में लेकर थाना लाया गया। आरोपी समीर अहमद पर मारपीट आर्म्स एक्ट की कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है।

**6 व्यक्तियों पर 151 CRPC की कार्रवाई-** थाना कोतवाली में झगड़ा, मारपीट की शिकायत तथा पेट्रालिंग द्वारा संदिग्ध पकड़कर थाने लाये गये व्यक्तियों पर धारा 151 CrPC के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई किया गया है। अनावेदक (1) युगल यादव पिता यशवंत यादव उम्र 26 वर्ष निवासी नवागढ़ी थाना कोतवाली के विरूद्ध माता-पिता से मारपीट की शिकायत पर (2) अभिलाष नन्हे पिता जगदीश नन्हे उम्र 25 वर्ष निवासी रेलवे बंगला पारा थाना कोतवाली के विरूद्ध मंदिर में तोड़फोड़ की शिकायत पर (3) प्रमोद चंद्र उर्फ लंगड़ा उर्फ डंकी चंद्र निवासी सोनमुड़ा चौकी जूटमिल रूपेंद्र पटेल हॉस्पिटल के पास नशा का सेवन कर हुडदंग करते पाये जाने पर एवं पंचधारी क्षेत्र में पेट्रोलिंग दौरान शराब के नशे में पाये गये – अनावेदक (4) किरण माझी पिता हिबडो मांझी उम्र 24 वर्ष मौहापाली (5) सुशांत प्रधान पिता भगवानों प्रधान उम्र 30 वर्ष निवासी सोनपल्ली (6) रामानंद नाग पिता रविश नाग हिमगीर उडिशा पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर न्यायालय पेश किया गया है।

## बाइक लूटकर भागे दो लुटरे, कोतवाली पुलिस ने पकड़ा

### बाइक लूट के बाद ट्रक ड्रायवर से कर रहे थे लूटपाट, आरोपियों को लूट के दो मामलों में भेजा गया रिमांड पर

**रायगढ़।** थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में कल दिनांक 30.06.2022 को थाना क्षेत्र में लूटपाट की सूचना पर कोतवाली पुलिस की तत्परता से दो लूटपाट की घटनाओं को पुलिस रोका गया जिसमें दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं घरेलू झगड़े में तलवार निकाल कर डराने धमकाने वाले युवक पर गाली गलौज मारपीट सहित आर्म्स एक्ट की कार्यवाही कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। इसी क्रम में थानाक्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से नगर पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर नशाखोरी, मारपीट, झगड़ा विवाद की शिकायत पर अनावेदकों के विरुद्ध टीआई मनीष नागर द्वारा 151 CrPC की कार्यवाही कर न्यायालय पेश किया गया है।

लूटपाट के पीड़ित सावन कुमार चौहान पिता मोतीलाल चौहान उम्र 45 वर्ष निवासी खरसिया रोड जगतपुर रायगढ़ कल रात्रि करीब 11.30 बजे कोतवाली थाना एवं डायल 112 को सूचना दिया कि उसके हीरो होंडा सीडी डीलक्स मोटरसाइकिल सीजी 13 पी 9906 को दो अज्ञात लुटेरे ग्राम उर्दना के आगे मेन रोड पर लूट कर पूंजीपथरा-गेरवानी की ओर भागे हैं। डायल 112 वाहन के साथ कोतवाली पुलिस गेरवानी-पूंजीपथरा की ओर रवाना हुई। घटन के बाद पीड़ित सावन चौहान उसके साथी संतोष के साथ रोड़ पर खड़ा था जिसे उसके परिचित राजू बरेठ, गुलाब श्रीवास और सोनू साकेत स्कॉर्पियो से आते मिले जिन्हें घटना बताकर आरोपियों का पीछा करते हुए मेन रोड पर आगे बढे केलो डैम के पास वे सड़क किनारे अपनी मोटरसाइकिल को खड़ी देखें। जहां दो लड़के ट्रक ड्राइवर से लूटपाट कर रहे थे । ट्रक ड्राइवर इन्हें देखकर चिल्लाया तब सभी जाकर ट्रक ड्राइवर को बचाए। ट्रक ड्राइवर मो0 शमशाद पिता मो0 इरशाद उम्र 22 वर्ष निवासी मासीआतु जिला लातेहार झारखंड इन्टू बताया कि इसके ट्रक क्रमांक सीजी 13 एई 6391 के सामने दो लड़के मोटर सायकल में आकर रुकवाये और रुपए पैसा मांग करने लगे जिसका विरोध करने पर एक लड़का चाकू नुमा हथियार निकाल कर भुजा में मारा। उसी समय कोतवाली पुलिस



और डायल 112 पहुंची जो आरोपियों को हिरासत में ली। आरोपी अपना नाम सोनू चौहान और विक्की चौहान बताये जिन पर पृथक-पृथक बाइक लूट के पीड़ित सावन कुमार एवं ट्रक ड्रायवर मो0 शमशाद के रिपोर्ट पर लूट कायम कर आरोपियों से एक बटननुमा चाकू, लूट की बाइक जप्त कर आरोपियों को रिमांड पर भेजा गया है।

**लूटपाट के आरोपी-**

(1) आरोपी सोनू चौहान पिता सुरेश चौहान उम्र 30 वर्ष निवासी सोनूमुड़ा चौकी जूटमिल हाल मुकाम कृष्णा विहार कॉलोनी के पीछे कलमीडिपा थाना कोतवाली रायगढ़

(2) विक्की चौहान पिता सुरेश चौहान उम्र 29 वर्ष निवासी सोनूमुड़ा चौकी जूटमिल हाल मुकाम कृष्णा विहार कॉलोनी के पीछे कलमीडिपा थाना कोतवाली

## मौसम विभाग ने दी चेतावनी : राज्य के एक दो स्थानों पर हो सकती हैं भारी बारिश

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में पिछले 15 दिनों से मानसूनी बारिश में दस्तक दे दी है. लेकिन कई जगहों पर औसत से कम बारिश दर्ज की गई है. प्रदेश के 2 जिले कवर्धा और मुंगेली में ही औसत से अधिक बारिश दर्ज की गई है. जशपुर में औसत से 74 % कम बारिश दर्ज की गई है. गुरुवार को राजधानी में हल्की बूंदाबांदी के बाद फिर से तेज धूप निकलने के कारण लोगों को दिन भर उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ा. शुक्रवार की सुबह राजधानी में हल्के बादल छाए हुए हैं. सुबह से ही उमस भरी गर्मी महसूस हो रही है. पूरे प्रदेश में अब तक औसत बारिश 29% कम दर्ज की गई है. मौसम विभाग की मानें तो प्रदेश के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने और एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती हैं।



मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि पूर्व पश्चिम द्रोणिका पंजाब से उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है. जिसके प्रभाव से शुक्रवार को कई जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पडऩे की संभावना है. प्रदेश के एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने के साथ भारी बारिश भी हो सकती है।

छत्तीसगढ़ के शहरों का तापमान: गुरुवार को महासमुंद में अधिकतम तापमान में 35.6 डिग्री दर्ज किया गया. रायपुर में अधिकतम तापमान 32.8 डिग्री न्यूनतम तापमान 24.3 डिग्री, माना एयरपोर्ट पर अधिकतम तापमान 32.5 न्यूनतम तापमान 24 डिग्री, बिलासपुर में अधिकतम तापमान 33.8 डिग्री न्यूनतम तापमान 26 डिग्री, पेंड्रा रोड में अधिकतम तापमान 21.8 डिग्री न्यूनतम तापमान 21.6 डिग्री, अंबिकापुर में अधिकतम तापमान 28.7 डिग्री न्यूनतम तापमान 23.9 डिग्री, जगदलपुर में अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री न्यूनतम तापमान 24 डिग्री, दुर्ग में अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री न्यूनतम तापमान 22.6 डिग्री, राजनादगांव में अधिकतम तापमान 32 डिग्री न्यूनतम तापमान 24.5 डिग्री दर्ज किया गया।

## अमरकंटक एक्सप्रेस सहित तीन ट्रेनों में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा

**रायपुर (आरएनएस)।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफ़र्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल में चलने वाली गाडिय़ों में स्लीपर कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है 7

(1) गाड़ी संख्या 22647/22648 कोरबा-कोच्चुवेली-कोरबा एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है 7 यह सुविधा गाड़ी संख्या 22647 कोरबा-कोच्चुवेली एक्सप्रेस में कोरबा से दिनांक 06 से 13 जुलाई, 2022 एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध रहेगी 7

(2) गाड़ी संख्या 12853/12854 दुर्ग-भोपाल-दुर्ग अमरकंटक एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा दुर्ग से दिनांक 02 से 04 जुलाई,2022 को उपलब्ध रहेगी।

(3) गाड़ी संख्या 18425/18426 पुरी- दुर्ग एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा दुर्ग से दिनांक 02 से 08 जुलाई,2022 को उपलब्ध रहेगी।

## सारंगढ़ पुलिस की शराब रेड कार्यवाई, 20 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** दिनांक 01.07.2022 को सारंगढ़ पुलिस मुखबीर सूचना पर मधुबन पारा सारंगढ़ के अमित कुमार लहरे के पान ठेला में शराब रेड कार्रवाई किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि अमित कुमार लहरे पान ठेला में अवैध रूप से शराब की बिक्री करता है। शराब रेड कार्रवाई दौरान आरोपी अमित लहरे पिता स्वर्गीय बुधराम लहरें उम्र 39 वर्ष साकिन मधुबन थाना सारंगढ़ के कब्जे से प्लास्टिक पॉलिथीन में करीब 20 लीटर महुआ शराब कीमती 2000 रुपए को विधिवत जप्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध थाना सारंगढ़ में धारा 34(2),59(क)



आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया है। शराब रेड कार्रवाई में प्रधान आरक्षक टीकाराम खटकर, आरक्षक कृष्णा महंत, कन्हैया खुंटे शामिल थे।

# तिलगा घाट पर ट्रक ड्राइवर की हत्या मामले में पुलिस को मिली सफलता, तीन आरोपी गिरफ्तार

### लूटपाट के इरादे से दो ट्रक ड्राइवर ने अपने साथी के साथ मिलकर की थी हत्या

### आरोपियों से दो देशी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस और धारदार हथियार जब्त, तीनों आरोपी झारखंड निवासी

**रायगढ़।** दिनांक 25.06.2022 की रात्रि थाना चक्रधरनगर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तिलगा घाट पर ट्रक ड्राइवर की हत्या मामले में चक्रधरनगर पुलिस को सफलता हाथ लगी है। लूट के इरादे से किए गए हत्याकांड में झारखंड के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जिसमें दो ट्रक ड्राइवर हैं तथा एक उनका साथी जिससे झारखंड से हथियार मंगाए गए थे, पूछताछ में आरोपियों द्वारा ट्रक में लोड आयरन गोली को लूटने के इरादे से आरोपियों द्वारा घटना कारित करना कबूल किया गया है।

मृतक ट्रक ड्राइवर संतोष कुमार दुबे उम्र 55 वर्ष निवासी मुजैना सारण (बिहार) ट्रांसपोर्टर महेश शर्मा की ट्रेलर क्रमांक सीजी 13 एल 4422 को एक सप्ताह पहले ही चलाने लिया था वाहन मालिक महेश शर्मा बताए कि उनके ट्रेलर में जामगांव एमएससी फैक्ट्री से पायलट गोली बीएस पूंजीपथरा तराईमाल परिवहन में लगी थी। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों को घटना स्थल के निरीक्षण पर कोई विशेष साक्ष्य नहीं प्राप्त हुआ। घटना में हत्या का अपराध अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध दर्ज कर मृतक ट्रक ड्राइवर से जान परिचित व्यक्तियों, संदिग्धों एवं एक व्यापारी से पूछताछ कर पुलिस आरोपियों तक पहुंची। घटना में शामिल आरोपी खुर्शीद आलम, मो. नदीम अंसारी उर्फ टिंकू और सद्दाम उर्फ लड्डू को हिरासत में लिया गया है।



आरोपियों ने अपने मेमोरेंडम में बताए कि नदीम अंसारी उर्फ टिंकू और सद्दाम उर्फ लड्डू दोनों रायगढ़ में रहकर ट्रक ट्रेलर चलाया करते थे जो अपने गांव के खुर्शीद आलम से संपर्क कर रुपयों की आवश्यकता पर लूटपाट की योजना बनाए। दोनों ट्रक ड्राइवर स्थानीय फैक्ट्री में पायलट गोली परिवहन का कार्य किए थे जिन्होंने पायलट गोली लूटकर आसानी से बेचकर अपराध से बच सकते हैं यह विचार कर लूटपाट का प्लान बनाएं और खुर्शीद आलम को लूटपाट के लिए देसी कट्टा झारखंड से खरीद का रायगढ़ लाने बोले। दोनों ट्रक ड्राइवर अपने साथी खुर्शीद आलम को 15,000-15,000 देसी कट्टा लाने उसके मोबाइल पर ट्रांसफर किए थे। 15 जून को खुर्शीद आलम रायगढ़ आया जिसे दोनों गोरखा में किराए मकान में किराये पर रखे थे। जहां इनका जान पहचान बिहार के रहने वाले एक ट्रक ड्राइवर से हुआ जो रायगढ़ के एक स्थानीय व्यापारी के पास पहले गाड़ी चलाया था जिससे 30-40 टन लोहा पैलेट गोली बेचने के संबंध में चर्चा किए और उस ट्रक ड्राइवर के जरिए 20 जून को आरोपी रायगढ़ के एक व्यापारी से संपर्क किए व्यापारी ने अंजान आदमी की ऐसी पेशकश पर संदेह कते हुए उसे भागा दिया। पैसों की आवश्यकता पर यह लोग लूटपाट के इरादे पर कायम रहे आरोपी बताएं कि नहीं मालूम था कि पहाड़ मंदिर रोड में नो एंट्री लगती है। उस समय बहुत सारी गाड़ियां खड़ी होती है यह लोग पूरी प्लानिंग के साथ 24 जून की रात लूटपाट के इरादे से तीनों एक ऑटो में गोरखा से आये, जहां शराब पीकर नो एंट्री प्वाइंट की ओर आए। तभी ये ट्रेलर क्रमांक सीजी 13 एल 4422 को खड़ी देखें जिसका ट्रक ड्राइवर अकेला था काफी शराब पिया हुआ था गाड़ी चालू नहीं कर पा रहा था। तब उसे गाड़ी स्टार्ट कर देते हैं कहकर तीनों उसकी गाड़ी में चढ़े गाड़ी को चलाते हुए तिलगा भगोरा होते तिलगा घाट पहुंचे जहां ट्रक के ड्राइवर संतोष कुमार दुबे को जाग तो मारपीट कर गला रेत कर उसकी हत्या कर दिए गाड़ी का डीजल खत्म हो जाने से गाड़ी बंद हो गई। तब पकड़े जाने के डर से गाड़ी को छोड़कर भाग गए।

अज्ञात आरोपियों की तफ्तीश में जुटी पुलिस को इस दौरान वही व्यापारी संपर्क कर बताया कि उसके पास उसके यहां काम करने वाला एक ड्रायवर कुछ ट्रक ड्रायवरों को लेकर आया था। तब पुलिस टीम व्यापारी के दुकान जाकर फुटेज देखी, उसके पूर्व ड्रायवर से पूछताछ कर तीनों संदेहियों को हिरासत में लिया गया।

आरोपियों से मेमोरेंडम पर घटना समय पहने कपड़े घटना में प्रयुक्त एक धारधार हथियार तथा 2 कट्टा 3 राउंड की जब्ती की गई है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन तथा एडिशनल एसपी लखन पटले, सीएसपी दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पुलिस टीम के अथक प्रयास से मामला का खुलासा करने में थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक किरण गुप्ता, उप निरीक्षक दिनेश बोहिदार प्रधान आरक्षक सतीश पाठक, लोमेश राजपूत, हेम प्रकाश सोन, आरक्षक बिक्कू सिंह ठाकुर, चंद्र कुमार बंजारे, संदीप मिश्रा, सुशील यादव, डोमन सिदार, शैलेंद्र पैकरा, विक्रम कुजूर, श्वेत बारीक की अहम भूमिका रही है। गिरफ्तार आरोपियों पर हत्या, अपराधिक षड्यंत्र तथा आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपियों को रिमांड पर भेजा जा रहा है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480